TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 10 मई

1. **मेरठ में सैनिक विद्रोह–** 10 मई, 1857 ई. को मेरठ में सैनिक विद्रोह शुरू हुआ। मेरठ में तैनात अंग्रेज अधिकारी जनरल हेबिट के पास 2200 यूरोपीय सैनिक थे परन्तु उसने इन्हें रोकने का प्रयास नहीं किया। 20 एन.आई. तथा एल.सी. की पैदल सैन्य टुकड़ी 11 मई को दिल्ली पहुँची और मुगल बादशाह बहादुरशाह को अपना नेता घोषित किया। 1857 के विद्रोह के समय इंग्लैंड के प्रधानमंत्री विस्कॉट पामर्स्टन और भारत का गर्वनर जनरल लार्ड केनिंग थे।
   - संदर्भ: 'अतीत से वर्तमान भाग 3,' अध्याय 12

2. **खगड़िया जिला का स्थापना दिवस–** बिहार राज्य में खगड़िया जिला की स्थापना 10 मई, 1981 ई. को हुई थी। यह जिला पूर्व में मुंगेर जिला का अंग था। खगड़िया जिले के उत्तर में सहरसा, दक्षिण में मुंगेर, पूरब में भागलपुर व मधेपुरा, पश्चिम में बेगुसराय व समस्तीपुर जिला स्थित है। जिले में दो अनुमंडल और सात प्रखंड हैं।




F r i d a y

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

10 मई

## मधु प्रिया

# खगड़िया जिला स्थापना 10 मई




खगड़िया 10 मई 1981 को मुंगेर से अलग होकर खगड़िया जिला बना था। खगड़िया को जिला बने 40 वर्ष पूरे हो गए हैं। अब यह 41वें वर्ष में प्रवेश करेगा। खगड़िया को नदियों का नैहर कहा जाता है। यह सात नदियों और 54 धारा-उपधारा से घिरा हुआ है। खगड़िया होकर कोसी, काली कोसी, करेह, कमला, बागमती, गंगा और बूढ़ी गंडक जैसी विशाल नदियां गुजरती है। इसका सौभाग्य है कि यहां बूढ़ी गंडक नदी गंगा से संगम करती है। गोगरी के आसपास। जबकि सोनवर्षा घाट के पास बागमती नदी कोसी से संगम करती है। बेलदौर के कंजरी-गवास के पास काली कोसी का कोसी से संगम होता है। नदियों ने जहां यहां समृद्धि के द्वार खोले हैं, वहीं विनाशलीला भी रची है। समय-समय पर जिले को भीषण बाढ़ का सामना करना पड़ा है। खैर, कोसी-बागमती के किनारे ही प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां कात्यायनी स्थान है। जहां दूर-दूर से साधक, श्रद्धालु आते हैं। जबकि बूढ़ी गंडक के किनारे जिला मुख्यालय में प्रसिद्ध तंत्र स्थल अघोरी स्थान है। जिसकी स्थापना प्रसिद्ध ओघर डॉ. रामनाथ ओघर ने की थी। यह भी जिला का गौरव है। नगर पंचायत खगड़िया अब नगर परिषद बन चुका है। गोगरी भी नगर पंचायत है। अभी दो अनुमंडल व सात प्रखंड है। जिले का कुल क्षेत्रफल 1482.8 वर्ग किलोमीटर है। जिले के लोगों की आजीविका का मुख्य साधन कृषि और पशुपालन है। मक्का उत्पादन में यह भारत वर्ष में स्थान रखता है। जबकि दूध उत्पादन में भी अग्रणी है। कहा जाता है- यहां आठ नदियां है। आठवीं नदी दूध की है। यहां का महेशखुटिया पान प्रसिद्ध है। बौरना गांव मैंगो ग्राम के नाम से भी प्रचलित है एवं फर्रेह ग्राम लीची ग्राम कहा जाता है। तेलौंछ सब्जी ग्राम के नाम से प्रसिद्ध है। जिले के पूरब में भागलपुर, पश्चिम में बेगूसराय व समस्तीपुर, उत्तर में सहरसा एवं दक्षिण में मुंगेर व बेगूसराय है। समय के साथ खगड़िया विकास के पथ पर अग्रसर है। लेकिन, मक्का आधारित उद्योग अभी भी सपना है।

# पुण्यतिथि विशेष 10 मई

राकेश कुमार




**छत्रपति साहू महाराज** *Chhatrapati Shahu Maharaj*, जन्म- 26 जुलाई, 1874; मृत्यु- 10 मई, 1922, मुम्बई) को भारत में सच्चे प्रजातंत्रवादी और समाज सुधारक के रूप में जाना जाता था। वे कोल्हापुर के इतिहास में एक अमूल्य मणि के रूप में आज भी प्रसिद्ध हैं। छत्रपति साहू महाराज ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने राजा होते हुए भी दलित और शोषित वर्ग के कष्ट को समझा और सदा उनसे निकटता बनाए रखी।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 10 मई 2024

## शिक्षण के चिंतनशील स्तर

चिंतनशील शिक्षण में शिक्षण और सीखने के बारे में किसी की अंतर्निहित मान्यताओं की जांच करना और पाठ्यक्रम पढ़ाए जाने से पहले, उसके दौरान और बाद में वास्तविक कक्षा अभ्यास के साथ उसके संरेखण की जांच करना शामिल है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे **छोटे खिलाड़ी** न्यूजीलैंड के **क्रूगर वान विक** है जिनकी हाइट **4 फीट 9 इंच** है।

## TOB बूझो तो जानें..

398

अश्व की करें सवारी, भाला ले भारी, घास की रोटी खायी, जारी रखी वतन के जीत की लड़ाई .... बुझो तो जानें ?




संजय कुमार

www.teachersofbihar.org

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 382

प्रबोवो सुबियांतो को किस देश के नए राष्ट्रपति के रूप में नियुक्त किया गया है?

A. मालदीव

B. जर्मनी

C. इंडोनेशिया

D. थाइलैंड



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: C

**शारीरिक शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा हेतु**

**100 प्रश्नों की शृंखला**

**10.05.2024 से शुरू**

टीचर्स ऑफ बिहार का एक प्रयास अपने शिक्षकों के लिए

1. एशियाई खेल का नामकरण किसने किया था? – जवाहरलाल नेहरू ने (एशियाई खेलों को एशियाड के नाम से भी जाना जाता है)
2. किस देश ने सर्वाधिक बार एशियाई खेल स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था ? – चीन
3. 'आसफा पॉवेल' किस खेल स्पर्धा से संबंधित हैं? – एथलेटिक्स (जमैका के स्प्रिंटर, 100 मीटर दौड़)
4. अमेरिका कप किस खेल से संबंधित है? – बास्केटबॉल से
5. पहली बार बास्केटबॉल किस वर्ष और कहाँ खेला गया? – 1891 ई. में, USA में
6. 'इन ऑफ' शब्द किस खेल से संबंधित है? – बिलियर्ड्स से (स्कूनर और बिलियर्ड्स से सम्बंधित अन्य शब्द – ब्रेक शॉट, स्कोरिंग, पुल, क्यू, कुशन बिलियर्ड्स, ऑब्जेक्ट बाल, हिट आदि)
7. 'क्यू' शब्द किस खेल से सम्बंधित है? – बिलियर्डस् से
8. 'गुगा' नाम से किस भारतीय खिलाड़ी को जाना जाता है? – गीत सेठी को (भारत के गीत श्रीराम सेठी इंग्लिश बिलियर्ड्स के एक पेशेवर खिलाड़ी)
9. इंटरनेशनल वॉलीबॉल एसोसिएशन (IVA) कब अस्तित्व में आया? – 1 अप्रैल, 1947 को
10. 'डिग पास' किस खेल से सम्बंधित शब्द है? – वॉलीबॉल

**खेल ही जीवन है - जॉन डिवी**

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



पद्म भूषण' 'मोतीलाल नेहरू पुरस्कार', 'विधि सेवा सम्मान',
'विदुर सम्मान' से सम्मानित

# सुभाष कश्यप

जी के जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

जन्म-10 मई 1929

Madhu priya

www.teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

प्रसिद्ध प्रगतिशील,कवि,लेखक,शायर मरहूम

# कैफी आजमी

जी की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

जन्म- 14 जनवरी 1919 - मृत्यु - 10 मई 2002

Madhu priya




/teachersofbihar

**पुण्यतिथि विशेष**

**10 मई 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा एक मजबूत और

समृद्ध समाज की नींव है।

**छत्रपति साहू महाराज**

**( समाज सुधारक )**

**जन्म: 26 जुलाई 1874 मृत्यु: 10 मई 1922**



राकेश कुमार